*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

---

## सामाजिक दायित्व के भाव से मनाए उत्सव : प्रो. गिरीश्वर मिश्र

### कुलपति ने किया दुर्गा पूजा उत्सव समिति द्वारा आयोजित नेत्र शिविर का उदघाटन

वर्धा दि. 15 अक्तूबर 2015: उपेक्षित लोगों की सेवा के लिए उत्सव को माध्यम बनाकर सामाजिक दायित्व का भाव व्यक्त करना प्रशंसनीय कार्य है। इस प्रकार के कार्यों से समाज के अन्य लोगों ने प्रेरणा लेनी चाहिए। उक्त उदबोधन महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने दिए। वे बुधवार को वर्धा शहर स्थित सराफ लाइन में दुर्गा उत्सव समिति द्वारा आयोजित नेत्र रोग निदान एवं शल्यक्रिया शिविर में अध्यक्षीय वक्तव्य दे रहे थे। शिविर के उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पुलिस अधीक्षक अंकित गोयल, जिला सामान्य अस्पताल के शल्य अधिकारी डॉ. पी. डी. मड़ावी, डॉ. राठोड, डॉ. विनोद अदलखिया, डॉ. प्रवीणा खेर, दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष सुरेश ढोमणे मंचासीन थे।



दुर्गा पूजा उत्सव समिति की ओर से पीछले 38 वर्षों से हर वर्ष नेत्र रोग तथा नेत्र शल्यक्रिया शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष श्री मेरूबाबू कोठारी और कुलभूषण रोडे की स्मृति में यह आयोजन किया गया जिसमें दो सौ से अधिक मरीजों ने लाभ लिया। शिविर का उदघाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया।



कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र समिति के द्वारा आयोजित शिविर की प्रशंसा करते हुए कहा कि सर्व मांगल्य मंगलम के भाव से आयोजित इस प्रकार के उपक्रम उपेक्षितों के लिए लाभकारी एवं समाज के अन्य वर्गों के लिए प्रेरणा देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि उत्सव के इस सामाजिक पक्ष पर अन्य वर्गों का ध्यान आकर्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने शिविर में इलाज कराने आए लोगों से अपील की कि वे अपनी सेहत का बराबर ध्यान रखे और नियमित रूप से इलाज करें। उन्होंने शिविर में आए लोगों की स्वस्थ होने की कामना भी की।



जिला पुलिस अधीक्षक अंकित गोयल ने अपने वक्तव्य में कहा कि शिविर जैसे प्रशंसनीय उपक्रमों से समाज में सेवा का भाव विकसित होगा। उत्वव को मौज-मस्ती के अलावा भी सेवा कार्य के साथ मनाया जा सकता इसका उत्कृष्ट उदाहरण इस आयोजन से दिखायी देता है। उन्होंने इस प्रकार के उपक्रमों को चलाने की अपेक्षा अन्य समितियों से भी अपने वक्तव्य में की।

## सामाजिक दायित्वाच्या भावनेतून उत्सव साजरे करा : प्रो. गिरीश्वर मिश्र

### दुर्गा पूज़ा उत्सव समितीच्या नेत्र शिबिराचे उदघाटन

वर्धा दि. 15 ऑक्टोबर 2015: उपेक्षित लोकांच्या सेवेकरिता उत्सवांना माध्यम बनवून सामाजिक दायित्वाच्या भावनेतून उत्सव साजरे करावे असे प्रतिपादन महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धाचे कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांनी केले. ते बुधवारी वर्धा शहरातील सराफा लाइन येथील दुर्गा उत्सव समितीच्या वतीने आयोजित नेत्र रोग निदान आणि शल्यक्रिया शिबिराच्या उदघाटनप्रसंगी अध्यक्षीय भाषणात बोलत होते. यावेळी प्रमुख पाहुणे म्हणून जिल्हा पोलिस अधीक्षक अंकित गोयल, जिला सामान्य रूग्णालयाचे शल्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी. डी. मडावी, डॉ. राठोड, डॉ. विनोद अदलखिया, डॉ. प्रवीणा खेर, दुर्गा उत्सव समितीचे अध्यक्ष सुरेश ढोमणे मंचावर उपस्थित होते.

दुर्गा पूजा उत्सव समितीच्या वतीने गेल्या 38 वर्षांपासून दरवर्षी नेत्र रोग तथा नेत्र शल्यक्रिया शिबिराचे आयोजन केले जाते. यावर्षी श्री मेरूबाबू कोठारी आणि कुलभूषण रोडे यांच्या स्मृतीनिमित्त हे आयोजन करण्यात आले. यावेळी दोनशेहून अधिक रूग्णांनी लाभ घेतला.

जिल्हा पोलिस अधीक्षक अंकित गोयल म्हणाले की अशा प्रकारच्या शिबिरातून समाजात सेवेची भावना वाढीला लागण्यास मदत होते. उत्सवांना सामाजिक दायित्वाची जोड देणारे असे उपक्रम इतरही समित्यांनी करावे असे आवाहनही त्यांनी केले.